भारत सरकार
पर्यटन मंत्रालय
लोक सभा
लिखित प्रश्न सं. 2014
सोमवार, 19 दिसम्बर, 2022/28 अग्रहायण, 1944 (शक)
को दिया जाने वाला उत्तर

वराह श्याम मंदिर का पुनरुद्धार

2014. श्री देवजी पटेलः

क्या **पर्यटन** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे किः

(क) क्या केंद्र सरकार को विरासत योजना के अंतर्गत राजस्थान सरकार की ओर से देश के गिने-चुने प्राचीन मंदिरों में से एक राजस्थान के जालौर जिले के भीनमाल में स्थित लगभग 600 वर्ष पुराने वराह श्याम मंदिर के रखरखाव और जीर्णोद्धार के संबंध में कोई प्रस्ताव प्राप्त हुआ है;

(ख) यदि हां, तो विरासत स्थल के विकास के लिए की गई कार्रवाई का ब्यौरा क्या है; और

(ग) यदि नहीं, तो इसके क्या कारण हैं?

उत्तर

पर्यटन मंत्री **(श्री जी. किशन रेड्डी)**

(क) से (ग): पर्यटन मंत्रालय में प्रशाद योजना के तहत जालौर जिले के भीनमाल में स्थित वराह श्याम मंदिर को शामिल करने संबंधी राजस्थान की राज्य सरकार का कोई भी परियोजना प्रस्ताव लंबित नहीं है।

*****